44. मैं तुमसे बात करना चाहता था | ---
45. वह खेत में काम नहीं करना चाहता था | ---
46. वह मुझे अंगूठी देना चाहती थी | ---
47. क्या तुम चश्मा पहनना चाहते थे ? ---
48. में कार चलाना चाहती थी | ---
49. मैं ठण्ड में नहाना नहीं चाहती थी | ---
50. क्या तुम ठण्ड में नहाना चाहते थे ? ---
51. मैं कविता लिखना चाहती थी | ---
52. क्या तुम समोसा खाना चाहते थे ? ---
53. वह मेले में जाना चाहती थी | ---
54. तुम अंग्रेजी क्यों पढाना चाहते थे | ---
55. वह शिकार करना चाहता था | ---
56. क्या तुम्हे उधार पैसे चाहिए थे ? ---
57. मैं लाखो रूपय कमाना चाहता था | ---
58. क्या तुम एग्जाम में नकल करना चाहते थे ? ---
59. क्या तुम घोड़े की सवारी करना चाहते थे ? ---
60. मैं हर परिस्थिति का सामना करना चाहता था | ---

Chapter 10

Going to

Definition :- Going to का मतलब होता है, की कोई काम करने वाले है | ऐसे बहुत से कार्य होते है, जिनको हम करने वाले होते है, तो वहाँ पर going to का use करते है | going to का use हम तीनों tenses में कर सकते है |

Present	Past	Future
Is/am/are	Was/were	Will be

Going to in Present :- जब हमें बताना हो की present में हम कोई काम करने वाले है या कोई काम करने जा रहे है, तो उस स्थिति में हम going to का प्रयोग करते है इससे सम्बंधित वाक्यों में हम 3 Helping verb (सहायक क्रियाओ) Is,am,are का use करते है |

Is :- Is (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग हम singular subjects के साथ करते है |

Am :- Am (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग केवल I के साथ करते है |

Are :- Are (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग हम (plural sub) बहुवचन कर्ताओं के साथ करते है |

Am → I

चलिए going to के कुछ sentence बनाते है |

Structure :- Sub + Is / Am / Are + Going to + V_1 + obj

Examples :-

वह कार खरीदने वाला है		He is going to buy a car.
मैं अंग्रेजी सीखने वाला हूँ		I am going to learn English.
वह खाना खाने वाला है		He is going to eat food.

इसी तरह हम इनके Negative Interrogative Sentences बनाते है |

All Structure :- (s) Sub + is / am / are + going to + V_1 + obj

(N) Sub + is / am / are + not + going to + V_1 + obj

(I) Is / am / are + sub + going to + V_1 + obj ?

(IN) Is / am / are + sub + not + going to + V_1 + obj ?

(W.H) Is / am / are + sub + going to + v_1 + obj

1. मैं चाय पीने वाला हूँ		I am going to take tea.
2. वह आने वाला नही है		He is not going to come.
3. मैं यहाँ नही बैठने वाला हूँ		I am not going to sit.
4. वह हमें पढ़ाने वाला है		He is going to teach us.
5. क्या वह मुस्कुराने वाली है ?	Is she going to smile ?
6. विराट कोहली क्रिकेट खेलने वाला है		Virat Kohali is going to play cricket.
7. वह स्कूल नही छोड़ने वाला है		He is not going to leave school.
8. मुझे लगता है की मुझे उल्टी होने वाली है		I think I am going to throw up.
9. क्या तुम आज उससे मिलने वाले है ?	Are you going to meet him ?
10. मेरा दोस्त घर कब खरीदने वाला है ?	When is my friend going to buy a house ?
11. हम कार्य क्यों नही समाप्त करने वाले है ?	Why are we not going to finish work ?
12. क्या तुम शादी करने वाली हो ?	Are you going to marry ?
13. मैं अपनी कार नही बेचने वाला हूँ		I am not going to sell my car.
14. मैं तुम्हारे साथ नही बैठने वाला हूँ		I am not going to sit with you.
15. वह अंतिम फैसला क्यों लेने वाला है ?	Why is he going to take a final decision ?
16. क्या आज तुम्हारा काम समाप्त नही होने वाला है ?	Is your work not going to finish today ?
17. क्या मोदीजी इस साल नई योजना की घोषणा करने वाले है ?	Is Modiji be going to announce new scheme ?
18. पांच सालों बाद तुम इस शहर को क्यों छोड़ने वाले हो ?	Why are you going to leave this city affter five years ?
19. पांच मिनट में बारात इंदौर पहुचने वाली है		Procession is going to reach Indore within 5 minutes
20. सोहन मंच पर प्रदर्शन क्यों नही करने वाले है ?	Why is Sohan not going to perform on the stage ?

Going to in Past :- जब हमें बताना हो की past (भूतकाल) में कोई काम करने वाला था या कोई काम करने जा रहा था तो उस स्थिति में हम going to का प्रयोग करते है | going to के past में 2 helping verb was/were का प्रयोग किया जाता है |

Was :- Was (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग हम singular sub (He,She,It,Name) एवं I के साथ भी करते है |

Were :- Were helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग हम plural sub (We,You,They)(बहुवचन कर्ताओं) के साथ करते है |

चलिए going to के past में कुछ simple sentences बनाते है |

Structure :- Sub + was / were + going to + v_1 + obj

Examples :- वह मुझे कॉल करने वाला था | He was going to call me.

तुम पेड़ लगाने वाले थे | You were going to plant trees.

All Structure :- (S) Sub + was / were + going to + V_I + obj

(N) Sub + was / were + not + going to + V_I + obj

(I) Was / were + sub + going to + V_I + obj ?

(IN) Was / were + sub + not + going to + obj ?

1. मैं किताब लिखने वाला था | — I was going to write a book.
2. मैं क्रिकेट खेलने वाला था | — I was going to play cricket.
3. वह चाय बनाने वाला नही था | — He was not going to make tea.
4. तुम उसका जन्मदिन क्यों नही मनाने वाले थे ? — Why were you not going to celebrate his birthday ?
5. मैं इस प्रतियोगिता में गिटार बजाने वाला था | — I was going to play guitar in this compitition.
6. मैं बन्दुक क्यों खरीदने वाला था ? — Why am I buy gun ?
7. मैं गणित के प्रश्न समझने वाला था | — I was going to understand the maths questions.
8. वह पंखा चालू नही करने वाला था | — He was not going to switch of the fan.
9. वे मुझे पैसे क्यों भेजने वाले थे ? — Why they were going to send me maney ?
10. वह तुम्हे वहाँ स्कूल में क्यों डालने वाला था ? — Why was he going to you in the school there.
11. वह पत्र लिखने वाला था | — He was going to write a letter.
12. भारत के लोग गरीबी से उभरने वाले है | — The people of India were going to over come powerty.
13. क्या तुम साईकिल खरीदने वाले थे ? — Were you going to buy bicycle ?
14. क्या तुम वहाँ थूकने वाले नही थे ? — Were you not going to spit there ?
15. मरीज मरने वाला था | — The patient was going to die.
16. वे दो दिन पहले शिमला क्यों पहुंचने वाले थे ? — Why were they going to reach simla before days ?
17. क्या तुम कल पेड़ काटने वाले थे ? — Were you going to cut the tree yesterday ?
18. तुम्हारी वजह से में पिछले साल मैच हरने वाला था | — I was going to lose the match because of you yesterday.
19. पापा मोबाइल क्यों बेचने वाले थे ? — Why was father going to sell the mobile ?
20. क्या दूल्हा घोड़े पर बैठने वाला नही था ? — Was the bridegroom not going to sit on the horse ?

Going to in Future :- अगर हमें future (भविष्य) में बताना हो की कोई काम करने वाला होगा तो हम वहाँ पर going to का प्रयोग करते है, या कोई काम करने जा रहे होंगे तो वहाँ पर इसका प्रयोग किया जाता है | going to से सम्बंधित वाक्य sentence बनाने के लिए हम will be helping verb का प्रयोग करते है | will be helping verb का प्रयोग हम सभी subjects (singular,plural) एकवचन,बहुवचन दोनों के साथ करते है |

Will be ⟶ All subject

चलिए हम इनके कुछ simple sentences बनाते है |

Structure :- Sub + will be + going to + V_I + obj

Examples :- वह इंदौर जाने वाला होगा | He will be going to Indore.

वह तैरने वाला होगा | He will be going to swim.

All Structure :- (S) Sub + will be + going to + V_I + obj

(N) Sub + will + not + be + going to + V_I + obj

(I) Will + sub + be + going to + V_I + obj ?

(IN) Will + sub + not + be + going to + V_I + obj ?

(W.H) + will + sub + be + going to + V_I + obj ?

1. अर्जुन का भाई डॉक्टर बनने वाला होगा | — Arjun's brother will be going to become Doctor.
2. क्या वह लैपटॉप बेचने वाली होगी ? — Will she be going to sell laptop ?
3. राहुल पैसे निकालने वाला होगा | — Rahul will be going to withdraw.
4. क्या हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाने वाले होंगे ? — Will we be going to Celebrate Republic day on 26 january ?
5. वे इस नौकरी को जल्द हो छोड़ने वाले होंगे | — They will be going to leave this job soon.
6. माँ खाना पकाने वाली होगी | — Mother will be going to cook food.
7. मेरी बहन डांस नही करने वाली होगी | — My sister will not be going to dance.
8. वह हमें फोन करने वाला होगा | — He will be going to call us.
9. वह अंग्रेजी में पढ़ाई करने वाला होगा | — He will be going to study in English.
10. मेरा भाई खाना खाने वाला होगा | — My brother will be going to eat food.
11. वे खेलने वाले होंगे | — They will be going to play.
12. क्या राम खाना पकाने वाला होगा ? — Will Ram be going to cook food ?
13. वह अंग्रेजी क्यों सिखने वाला होगा ? — Why will he be going to learn English ?
14. वे सोने वाले होंगे | — They will be going to sleep.
15. वे नाचने वाले नही होंगे | — They will not be going to dance.
16. क्या तुम्हारा भाई शराब पीने वाला होगा ? — Will you brother be going to drink ?
17. वह कार्यक्रम देखने वाले होंगे | — He will be going to watch the event.
18. वह कॉल अटेंड नही करने वाला होगा | — He will not be going to attend the call.
19. करणी सेना भोपाल में आंदोलन करने वाली होगी | — Karni sena will be going to movement in Bhopal.
20. मेरी बहन को जुकाम होने वाला होगा | — My sister will be going to have a cold.

PRACTICE SHEET

1. दादाजी टहलने वाले है | ---
2. क्या हमारे साथी हमारी सहायता करने वाले है ? ---
3. बारात पहुचने ही वाली है | ---
4. क्या रमेश फसल काटने वाला है ? ---
5. वैज्ञानिक इस बीमारी का पता लगाने वाले है | ---
6. मैं उसे पीटने वाला हूँ | ---
7. गाय हरी घास क्यों नहीं खाने वाली है ? ---
8. मैं चुप बैठने वाला नहीं हूँ | ---
9. मैं कोई खतरा लेने वाला नहीं हूँ | ---
10. मैं निराश होने वाला नहीं हूँ | ---
11. क्या तुम आज नही सोने वाले ? ---
12. क्या तुम मुझे उत्तर देने वाले हो ? ---
13. तुम नौकरी क्यों छोड़ने वाले हो ? ---
14. हम जीतने वाले है | ---
15. देव दिवाली पर आने वाला है | ---
16. क्या ये लोग चोर को पकड़ने वाले है ? ---
17. रानी कहानी क्यों सुनाने वाली है ? ---
18. क्या वे मोबाईल खरीदने वाले है ? ---
19. छात्र अंग्रेजी सीखने वाले है | ---
20. मैं पत्र डालने वाला हूँ | ---
21. यहाँ से चोर भागने ही वाला था | ---
22. वह हंसने वाला नही था | ---
23. क्या तुम अपना होमवर्क कम्पलीट करने वाले थे ? ---
24. क्या तुम पतंग उड़ाने वाले थे ? ---
25. क्या तुम बारात में जाने वाले थे ? ---
26. वह माफ़ी मांगने वाला नहीं था | ---
27. वह मदद करने वाला नहीं था | ---
28. राम मरने वाला था | ---
29. हम नाचने वाले नहीं थे | ---
30. तुम लोग कल कहाँ रहने वाले थे | ---
31. वह यहाँ थूकने वाला था | ---
32. वे लोग खाना बनाने वाले थे | ---
33. क्या तुम पेड़ लगाने वाले थे ? ---

34. वे लोग उस दिन गंध से पता लगाने वाले | --
35. मैं खेत में जाने वाला था | --
36. वह मुझे गाली देने वाला था | --
37. वह विवाह क्यों करने वाला था ? --
38. तुम चोर के पीछे क्यों भागने वाले थे ? --
39. क्या तुम कपड़े धोने वाले थे ? --
40. क्या तुम कागज फाड़ने वाले थे ? --
41. क्या वे कुश्ती लड़ने वाले होंगे ? --
42. उसका कार्य समाप्त होने वाला होगा | --
43. वह उसे परेशान नही करने वाला होगा | --
44. वे अंग्रेजी सिखने वाले ही होंगे | --
45. मेरा दोस्त इंदौर पहुंचने वाला होगा | --
46. वह उसे क्यों चिढ़ाने वाला होगा ? --
47. वह मोबाइल खरीदने वाला नहीं होगा | --
48. लड़कियां मंच पर नाचने वाली होगी | --
49. क्या तुम उसे पीटने वाले होंगे ? --
50. वह कब उपन्यास लिखने वाला होगा | --
51. क्या वह बहस करने जा रहा होगा ? --
52. क्या तुम झूठ बोलने वाले होंगे ? --
53. वह खुश होने का नाटक करने वाला होगा | --
54. वह यात्रा करने वाला होगा | --
55. तुम कल क्या करने वाले होंगे ? --
56. वह पैसे निकालने जा रहा होगा | --
57. क्या वह कपड़े निचोड़ने वाली होगी | --
58. वह नदी में कूदने वाला होगा | --
59. वह तुम्हारे खिलाफ षडयंत्र रचने वाला होगा | --
60. हम कपड़े खरीदने वाले होंगे | --

Chapter 11 There

There :- There का प्रयोग हम दो तरीको से करते है पहला किसी place (स्थान या जगह) को बताने के लिए तथा दूसरा प्रयोग वहाँ करते है जिस वाक्य में कोई subject नही दिया हो |

Place	Subject
वहां - There	जब किसी वाक्य में subject नही दिया हो तब हम there का use करेगे
वहां जाओ - Go there.	आसमान में तारे है - There are stars in the sky.
वहां बैठो - Sit there.	बंदर है - There is monkey.
वहां देखो - Look at there	कुर्सी है - There is chair.

There का use हम दो स्थितियों में करते है |

- जब किसी वाक्य में subject नही दिया हो |
- जब एक वस्तु दूसरी वस्तु के अंदर हो |

There is a lion

There are sweets in the box.

There का इस्तेमाल हम तीन प्रकार से करते है |

Present	Past	Future
Is/are	Was/were	Will be

There Present

Definition :- जब हमे यह बताना हो कि, वर्तमान में कोई एक वस्तु किसी दूसरी वस्तु के अंदर है, या फिर कोई ऐसा वाक्य जिसमे subject नही हो, तब There का उपयोग करते है |

- There का use करते समय हम is और are का इस्तेमाल object के अनुसार करते है | अगर object singular (वस्तु) होगा तो हम is का इस्तेमाल करते है , एवं object plural होगा तो are का use करेंगे |

Is - एक वस्तु

Are - एक से अधिक वस्तु

RPS - Remaining Parts Speech

Structure :- (S) There + is / are + obj + RPS

(N) There + is / are + no + obj + RPS

(I) Is / are + there + obj + RPS ?

(IN) Is / are + there + no + obj + RPS ?

1. स्कूल में बच्चे है		There are student in the school.
2. क्या आगरा में ताजमहल है ?	Is there Tajmahal in Agra ?
3. क्या एक दिन में 24 घंटे होते है ?	Are there 24 hours in a day ?
4. क्या आपके घर में 4 लोग है ?	Are there 4 people in your house ?
5. उसके स्कूल के सामने एक नीम का पेड़ है		There is a neem tree in front of his school.
6. कक्षा में एक ब्लैक बोर्ड नही है		There is no black board in the class.
7. वहाँ 3 लड़के क्यों है ?	Why are there 3 boys ?
8. क्या मंदिर में साधू नही है ?	Is there monk in the temple ?
9. उसकी बाइक में कितना पेट्रोल है ?	How much petrol is there in his bike ?
10. मैदान में बच्चे क्यों है ?	Why are there children in the field ?
11. मेरे घर में चार दरवाजे है		There are four doors in my home.
12. पेड़ पर चिड़िया क्यों बैठी है ?	Why is there a bird sitting on the tree ?
13. नदी में मछलियाँ है		There are fish in the river.
14. मेरे गाँव में कुआ है		There is a well in my village.
15. क्या उसके दिमाग में कीड़ा है ?	Is there insect in his mind ?
16. किताब में कितने पन्ने है ?	How many pages are there in the book ?
17. अलमारी में डब्बा है		There is box in Almirah.
18. इस बगीचे में फल है		There are fruits in the garden.
19. आसमान में कितने तारे है ?	How many stars are there in the sky ?
20. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर है		There are letters in the English alphabet.

There Past

Definition :- जब हमे यह बताना हो, कि भूतकाल में कोई एक वस्तु किसी दूसरी वस्तु के अंदर थी. या फिर कोई ऐसा वाक्य जिसमे subject नही था, तब There का उपयोग करते है |

- There का प्रयोग जब हम past में करते है, तो वहाँ पर was or were का प्रयोग किया जाता है was का प्रयोग singular (एक वस्तु) के साथ एवं were का प्रयोग plural (एक से अधिक) वस्तु के साथ किया जाता है |

Was - Singular

Were – Plural

RPS - Remaining Parts Speech

Note :- जब भी आप There वाले sentence का negative बनायेगे तब आपको no लगाना है not नही लगाना है |

Structure :- (S) There + was / were + obj + RPS

(N) There + was / were + no + obj + RPS

(I) Was / were + there + obj + RPS ?

(IN) Was / were + there + no + obj + RPS ?

(W.H.) Why + was / were + there + obj + RPS ?

1. अख़बार में कितने पन्ने थे ?	How many pages were there in the newspaper ?
2. आपके भोजन में वसा थी		There was fut in your food.
3. उस स्थान पर बहुत शोरगुल था		There was a lot of noise at that place.
4. क्या टंकी में पानी नही था ?	Was there no water in the tank ?
5. मटके में पानी नही था		There was no water in the pot.
6. कमरे में खिड़कियाँ थी		There was window in the Room.
7. क्या आपके मोबाइल में बैलेंस था ?	Was there balance in your mobile ?
8. माला में फुल क्यों नही थे ?	Why were there no flowers in the garland ?
9. इसमें कोई बुराई नही थी		There was no evil in it.
10. क्या फुल में बहुत सारी पत्तियाँ थी ?	Were there many leaves in flower ?
11. मंदिर में ताला था		There was lock in the temple.
12. मोबाइल में फोटो क्यों नही थी		Why was there no photo in the mobile.
13. अकाउंट में 15000 रु. थे		There were 15000 rs in Account.
14. क्या बाजार में लोग थे ?	Was there people in market ?
15. क्या कार में 5 लोग थे ?	Was there 5 people in car ?
16. गाँव में बहुत सारे बच्चे थे		There were many children in the village.
17. पेपर में गलतियाँ क्यों थी ?	Why were there mistakes in pepar ?

18. गाँव में सरकारी हॉस्पिटल क्यों नही था ? — Why was there no hospital in the village ?

19. घर में बिजली नही थी | — There was no electricity in the house.

20. फल में बीज नही था | — There was no seeds in the fruit.

There Future

Definition :- जब हमे यह बताना हो कि, भविष्य में कोई एक वस्तु किसी दूसरी वस्तु के अंदर होगी, या फिर कोई ऐसा वाक्य जिसमे subject नही होगा, ऐसी स्थिति में There का उपयोग करते है,

- इसमें will be का प्रयोग सभी subject (singular,plural) के साथ किया जाता है

RPS - Remaining Parts Speech

Note :- जब भी आप There वाले sentence का negative बनायेगे तब आपको no लगाना हे not नही लगाना है |

Structure :- (S) There + will be + obj + RPS

(N) There + will be + no + obj + RPS

(I) Will + there + be + obj + RPS ?

(IN) Will + there + be + no + obj + RPS ?

1. गंगा नदी में पानी रहेगा | — There will be water in the ganga river.
2. कल एक सभा क्यों होगी ? — Why will there be a meeting tomorrow ?
3. क्या हमारे घर में बहुत शांति रहेगी ? — Will there be a lot of peace in our house ?
4. क्या मंदिर में कमल के फुल होंगे ? — Will there be lotus flowers in the temple ?
5. इस निति में कोई परिवर्तन क्यों नही होगा ? — Why will the be no change in this policy ?
6. जंगल में चोरी होगी | — There will be theft in the forest.
7. जंगल में शेर होगा | — There will be lion in the forest.
8. क्या खेत में फसल होगी ? — Will there be crop in the field ?
9. क्या चाय में पानी होगा ? — Will there be water in the tea ?
10. कंप्यूटर में कई भाग होंगे ? — There will be many parts in computer ?
11. क्या जूते में मोजे होंगे ? — Will there be socks in shoes ?
12. दस्तावेज में जानकारी नही होगी | — There will no be information in document.
13. क्या किताब में लाल पेज होगा ? — Will there be red page in the book ?
14. क्या पेन में नीली स्याही होगी ? — Will there be blue ink in pen ?

15. क्या आपके मोबाइल में google translate होगा ? — Will there be google translate in your mobile ?
16. इस पाठ में कई संदेश होंगे | — There will be many messages in this lesson.
17. क्या हम लोगों के बीच प्यार रहेगा ? — Will there be Love between us ?
18. इंजेक्शन में सुई होगी | — There will be a needle in the injection.
19. क्या स्वेटर में कई कलर्स होंगे ? — Will there be many colors in the sweater ?
20. क्या फ्रीज में मिठाइयाँ होगी ? — Will there be sweets in the fridge ?

PRACTICE SHEET

1. मन और शरीर में घनिष्ट सम्बन्ध है | --
2. उनके बीच शुरू से ही चिंगारी है | --
3. उसके दिमाग में कीड़ा है | --
4. मंदिर के सामने एक बड़ा तालाब है | --
5. पेपर में गलतियाँ है | --
6. आचार में तेल नहीं है | --
7. मोबाइल में बेलेंस नहीं है | --
8. सीखने का कोई अंत नही है | --
9. मौत के खिलाफ कोई दवा नहीं है | --
10. कथनी और करनी में बहुत अंतर है | --
11. स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नही है | --
12. बॉक्स में केवल एक चॉकलेट बची है | --
13. कुंए में पानी है | --
14. उसके दिल में बहुत दर्द है | --
15. आज घर में बहुत शांति है | --
16. क्या एक दिन में 24 घंटे होते है ? --
17. क्या एक शक्तिशाली राजा है ? --
18. भारत में 28 राज्य है | --
19. गली में लोग है | --
20. मेरे खेत में कई तरह के फुल है | --
21. घर में चूहे थे | --
22. चूल्हे में आग थी | --
23. क्या मंदिर में भगवान थे ? --
24. मन में कचरा था | --
25. कल सभा थी | --
26. क्या तुम्हारे पीछे एक कुत्ता था ? --
27. मेरे मोज़े में छेद था | --
28. गली में कितने गड्ढे थे | --

29. क्या बैंक में लम्बी कतार थी ? ---
30. उसके जेब में कॉकरोच था | ---
31. डोर में कुण्डी थी | ---
32. क्या कुछ गलतफहमी थी ? ---
33. बिल्कुल समय नहीं था | ---
34. जादूटोना नाम की कोई चीज नही थी | ---
35. क्या मेले में झूले थे ? ---
36. सन्दुक में कुछ था | ---
37. मेरे मन में कोई शंका नहीं थी | ---
38. क्या नदी पर पुल था ? ---
39. मेरे पीछे कुछ लड़कियां थी | ---
40. क्या घड़े में पानी था ? ---
41. फ्रीज में थोड़ा दूध होगा | ---
42. स्कूल में गार्डन होगा | ---
43. शादी में मेहमान आयेंगे | ---
44. क्या तालाब में मेंढक होंगे ? ---
45. क्या मंदिर में घंटियाँ होंगी ? ---
46. कल एक सभा होगी | ---
47. पेपर में गलतियाँ होगी | ---
48. मोहल्ले में बहुत सारे बच्चे होंगे | ---
49. तुम्हारे परिवार में कितने सदस्य होंगे | ---
50. क्या छत पर कोई होगा ? ---
51. बाजार में बहुत शांति रहेगी | ---
52. कुछ न कुछ गलत फेहमी हुई होगी | ---
53. क्या बस स्टैंड पर कोई होगा ? ---
54. फुटफाट पर भिखारी होंगे | ---
55. क्या आसमान में तारे होंगे ? ---
56. घड़े में कीचड़ होगा | ---
57. क्या आँखों में आंसू होंगे ? ---
58. साड़ी में सितारे होंगे | ---
59. गाँव में भेड़िया होंगे | ---
60. क्या दीये में बत्ती होगी ? ---

Chapter 12 Let

Definition :- ऐसे sentences जिनमे हमें बताना हो की कोई काम होने दो या कोई काम करने दो तो हम वहाँ पर let का प्रयोग करते है | "Let" से सम्बन्धित वाक्यों में हम objective pronoun का प्रयोग करते है |

Examples :- मुझे जाने दो | Let me go.

उसे टीवी देखने दो | Let him watch T.V.

- इसके अलावा Let का use हम एक और तरीके से तीनों tenses में करते है |
- To permit :- जब हम किसी कार्य को करने के लिए permission देते है, तो वहाँ भी let का use होता है |

Examples :-

मैं उसे अंग्रेजी बोलने देता हूँ		I let him speak English.
मैं उसे अंग्रेजी नही बोलने देता हूँ		I don't let him speak English.
मैंने उसे जाने दिया		I let him go.
मैंने उसे नही जाने दिया		I did not let him go.
मैं उसे जाने दूंगा		I will let him go.
मैं उसे नही जाने दूंगा		I will not let him go.

Pronoun

Subjective	Objective
I – मैं	Me– मुझे
We हम	Us– हमें
You आप,तुम	You– तुम्हे
They - वे	Them– उनके, उन्हें
He -वह	Him– उसे
She -वह	Hir – उसे
It -यह	It – यह

Structure :- (Let + objective pronoun + V_1 + obj)

1. मुझे खाने दो | Let me eat.
2. मुझे खेलने दो | Let me play.
3. उसे कपड़े धोने दो | Let her wash clothes.
4. उसे जाने दो | Let him go.

5. मुझे अपनी सफाई पेश करने दो | — Let me explain my self.
6. इसे सुखने दो | — Let it dry.
7. मुझे बाहर नाचने दो | — Let me dance outside.
8. हमें वहाँ देखने दो | — Let us see there.
9. उसे हंसने दो | — Let him laugh.
10. मुझे कम से कम बात करने दो | — Let me talk at least.
11. हम किसी को उससे सवाल पूछने दो | — Let everyone ask questions to him.
12. पहले हमें हालात को समझने दो | — Let us understand the situation first.
13. नेहा को यहाँ अंग्रेजी बोलने दो क्योंकि यह अंग्रेजी की क्लास है | — Let Neha speak English, because it's English class.
14. छोटे बच्चों को अन्दर आने दो लेकिन बड़े बच्चों को बाहर ही रहने दो | — Let the younger kids come in but the elder kids stay outside
15. मेहमानों को यहाँ से चले जाने दो फिर हम यहाँ एन्जॉय करेंगे | — Let the guests leave from here then we will enjoy here.

Negative Sentence

★ जब हम let के Negative sentence बनाते है ,तो Don't का use करते है |

Structure :- (Don't + Let + objective pronoun + VI + obj)

1. उसे घर साफ मत करने दो | — Don't let him clean home.
2. उसे मोबाइल मत खरीदने दो | — Don't let him buy mobile.
3. उसे बात मत करने दो | — Don't let him talk.
4. उसे खाना मत बनाने दो | — Don't let him cook food.
5. उन्हें भागने मत दो | — Don't let them run.
6. उन्हें परीक्षा में नकल मत करने दो | — Don't let them copy in the exam.
7. उसे गाँव में मत खेलने दो | — Don't let him play in the village.
8. उसे बेईमान मत बनने दो | — Don't let him be dishonest.
9. उसे बाग में मत घुमने दो | — Don't let him walk in the garden.
10. हमें गाना मत गाने दो | — Don't let us sing a song.
11. लड़को को क्लास के अंदर मत आने दो | — Don't let boys come in the class first.
12. बच्चों को किचन के अंदर मस्ती मत करने दो | — Don't let children play mischirf in the kitchen.
13. दूसरी सिफ्ट के सदस्यों को घर जल्दी मत जाने दो | — Don't let the second shift members go home early.
14. बिल्ली को किचन के अंदर मत जाने दो क्योंकी वहाँ चाय रखी हुई है | — Don't let the cat go inside the kitchen because tea is kept there.
15. बच्चों को रोड़ पर मत खेलने दो | — Don't let children play on the road.

PRACTICE SHEET

1. मुझे अपनी सफाई पेश करने दो | --
2. सच को सामने आने दो | --
3. बच्चों को बच्चों की तरह ही रहने दो | --
4. कृपया मुझे अंदर आने दो | --
5. बच्चे को खुद से चलने दो | --
6. यात्रा के पैसे मुझे देने दो | --
7. चाय को 5 मिनट के लिए उबलने दो | --
8. खाने दो उनको | --
9. उसे यह पाठ पढ़ने दो | --
10. उसे बाहर इंतजार करने दो | --
11. उसे झाँकने दो | --
12. मुझे डिनर कर लेने दो | --
13. उसे मरने दो | --
14. इसे दफन रहने दो | --
15. उसे बाहर की यात्रा करने दो | --
16. मुझे आराम करने दो | --
17. उसे कतार में रहने दो | --
18. ओह ! मुझे रहने दो | --
19. रस्सी छोड़ दो | --
20. कृपया मुझे पहले बोलने दो | --
21. मुझे उस कहानी के बारे में और सुनने दो | --
22. उसे सच छुपाने दो | --
23. अपने बालो को थोड़ा नीचे कर दो | --
24. मुझे इसे सम्भालने दो | --
25. मैं आपको थोड़ी सलाह दूँ | --
26. उसे समोसे तलने दो | --
27. मुझे कागज़ जलाने दो | --
28. उसे पहले हालात को समझ लेने दो | --
29. कुत्तों को भौकने दो | --
30. जानवरों को चराने दो | --
31. उसे भूतों से डरने दो | --
32. उसे गरीबों पर अत्याचार मत करने दो | --
33. इस मौके को हाथ से मत जाने दो | --
34. उसे सामान मत खोजने दो | --
35. उसे मुझ पर गोली मत चलाने दो | --
36. उसे चुप मत रहने दो | --

37. उन्हें बहस मत करने दो | ---
38. उन्हें राखी मत बांधने दो | ---
39. उसे खिड़की पर मत जाने दो | ---
40. किसी को रिश्वत मत लेने दो | ---
41. डाकुओ को मत जाने दो | ---
42. उसे गम्भीर मत होने दो | ---
43. शिकारी को शिकार मत करने दो | ---
44. अँधेरा मत होने दो | ---
45. अजीब अजीब आवाजे मत आने दो | ---
46. उसे मत रोने दो | ---
47. उसे मत चिल्लाने दो | ---
48. उसे इस बारे में मत सोचने दो | ---
49. उन्हें जोखिम मत लेने दो | ---
50. उन्हें मत हंसने दो | ---
51. उसे बेईमान मत बनने दो | ---
52. उन्हें कागज मत फाड़ने दो | ---
53. उसे पार्टी में डांस मत करने दो | ---
54. किसी को पेड़ मत काटने दो | ---
55. चोरों को ताला मत तोड़ने दो | ---
56. भिखारी को भीख मत मांगने दो | ---
57. फटाखे मत जलाने दो | ---
58. उसे ज्यादा देर मत सोने दो | ---
59. उसे नदी में मत कुदने दो | ---
60. चूल्हे में धुँआ मत होने दो | ---

\

Chapter 13 Let's

Definition :- ऐसे sentences या (वाक्य) जिनमे हमें बताना हो या कहना हो की चलो (आओ) कोई काम करते है, तो वहाँ पर let's का प्रयोग किया जाता है | Let's के Negative sentence (नकारात्मक वाक्यों) में let's के बाद not लगाते है |

चलिए हम इनके कुछ sentence देखते है |

Structure :- (Let's + V_I + Obj)

Examples :- चलो गरीबों की मदद करते है | — Let's help the poor.

1. चलो बाजार चलते है | — Let's go to the market.
2. चलो उसका पिछा करते है | — Let's follow him.
3. चलो भगवान की पूजा करते है | — Let's worship of God.
4. चलो गाने गाते है | — Let's sing a song.
5. चलो किताबे पड़ते है | — Let's read books.
6. चलो घुमने चले | — Let's go for walk.
7. चलो सामाजिक बुराइयों को दूर करे | — Let's shoot out social evil.
8. चलो कुछ खाने चलते है | — Let's go to eat something.
9. चलो कार चलाते है | — Let's drive a car.
10. आओ इस बारे में बात करते है | — Let's talk to about it.
11. चलो क्रिकेट की बजाय हॉकी खेलते है | — Let's play hockey instead of cricket.
12. चलो देश को बदलने के लिए कुछ नए प्रयास करते है | — Let's make some few new efforts to change the country.
13. चलो उनकी जिन्दगी में खुशियाँ लेकर जाए | — Let's bring happiness in their life.
14. चलो आज से हम शपथ लेते है,की देश की सेवा करेंगे | — Let's take an oath from today that we will serve the country.
15. चलो सर के पास कुछ चर्चा करने चले | — Let's go to sir to discuss something.

Let's Negative Sentence

Structure :- (Let's + not + vI + obj)

Examples :- चलो पढ़ाई नही करते है | — Let's not study.

1. चलो मूवी नही देखते है | — Let's not watch movie.
2. चलो दोस्तों के साथ बहार घुमने नही जाते है | — Let's not go ouside with friends.
3. चलो कपड़ो की सिलाई नही करते है | — Let's not sew clothes.
4. चलो प्रार्थना नही करते है | — Let's not pray.
5. चलो इस बारे में नही सोचते है | — Let's not think about it.
6. चलो कुछ नया नही करते है | — Let's not do something new.

7. चलो हमला नही करते है | Let's not attack.
8. आओ ड्रिंक नही करते है | Let's not drink .
9. चलो पेड़ो को नही काटते है | Let's not cut the trees.
10. चलो Wifi का इस्तेमाल नही करते है | | Let's not use of Wifi
11. चलो यह खाना नही खाते है | Let's not eat this food.
12. चलो बच्चों को नही पीटते है | Let's not beat children.
13. चलो वहाँ नही झाँकते है | Let's not peep there.
14. चलो घड़ी नही बेचते है | Let's not sell the watch.
15. चलो उन्हें फल नही देते है | Let's not give them fruit.

PRACTICE SHEET

1. चलो देश के युवाओ को सफल बनाते है | --
2. चलो श्रृंगार करते है | --
3. चलो चप्पल पहनते है | --
4. चलो गाय चराते है | --
5. चलो कुछ बाते करते है | --
6. चलो मेले में चलते है | --
7. चलो समझदारी से एक-दूसरे का साथ निभाते है | --
8. चलो भविष्य की और देखे | --
9. चलो बस से चलते है | --
10. चलो उसे अकेला छोड़ दो | --
11. चलो दावत शुरू करते है | --
12. चलो बाहर नाचते है | --
13. चलो खरीददारी करने चले | --
14. चलो घड़े से पानी भरते है | --
15. चलो कुछ बदलाव करते है | --
16. चलो अंग्रेजी में बात करते है | --
17. चलो गपशप करें | --
18. चलो उसका जन्मदिन मनाए | --
19. चलो दोस्तों को याद करते है | --
20. चलो आज घर पर पार्टी करते है | --
21. चलो उनकी मदद करते है | --
22. चलो क्लब चलते है | --
23. चलो होटल में आराम करते है | --
24. देखते है| ये कैसे काम करता है | --

25. चलो एक तस्वीर लेते है | --
26. चलो नेहा को सरप्राइज वेलकम पार्टी देते है | --
27. चलो पर्दे के पीछे छुप जाते है | --
28. चलो शुरुआत से शुरू करते है | --
29. चलो जल्दी ही फिर से मिलते है | --
30. चलो झूले झूलते है | --
31. चलो हवाई जहाज उड़ाते है | --
32. चलो युवाओ को नौकरी नही देते है | --
33. चलो भंडारे में नही जाते है | --
34. चलो गाने नहीं गाते है | --
35. चलो मोबाइल का गलत इस्तेमाल नहीं करते है | --
36. चलो गैर जिम्मेदार नही बनते है | --
37. चलो कीचड़ में नहीं खेलते है | --
38. चलो पेड़ो को नहीं हिलाते है | --
39. चलो मेहनत नहीं करते है | --
40. चलो किसी को भी गाली नही देते है | --
41. चलो दादी की कहानियां नहीं सुनते है | --
42. चलो शिकायत दर्ज नहीं करते है | --
43. चलो चॉकलेट नहीं बांटते है | --
44. चलो मूवी का मजा नहीं लेते है | --
45. चलो उनसे बदला नहीं लेते है | --
46. चलो उन्हें नहीं मारते है | --
47. चलो परीक्षा की तैयारी करते है | --
48. चलो ज्यादा बात नहीं करते है | --
49. चलो धुम्रपान नहीं करते है | --
50. चलो खराब लाइट्स नहीं जलाते है | --
51. चलो खराब मौसम में बाहर नहीं निकलते है | --
52. चलो जल्दबाजी नहीं करते है | --
53. चलो उसे नहीं समझाते है | --
54. चलो स्कूल से नहीं भागते है | --
55. चलो गली में लड़ाई नहीं करते है | --
56. चलो जंगल में शिकार नहीं करते है | --
57. चलो किसी को मुर्ख नहीं बनाते है | --
58. चलो दुश्मनों पर आक्रमण नहीं करते है | --
59. चलो बेवकूफ़ो की तरह बर्ताव नहीं करते है | --
60. चलो पेड़ो से फुल नहीं तोड़ते है | --

Chapter 14 Would Like to

Definition :- जब कोई व्यक्ति अपनी इच्छा (wish) चाहता या पसंद बताना चाहता हो तो वहाँ पर would like to का प्रयोग किया जाता है | Would like to से सम्बंधित वाक्यों के अंत में चाहूँगा,चाहूंगी,चाहेंगे शब्दों का प्रयोग होता है | would like to का प्रयोग हम सभी subjects (singular,plural) के साथ करते है |

Structure :- (Sub + Would like to + v_I + Obj)

Examples :-

मैं खाना खाना चाहूँगा		I would like to eat food.
हम खेलना चाहेंगे		We would like to play.
वह चाय पीना चाहेगा		He would like to drink tea.
मैं अंग्रेजी बोलना चाहूँगा		I would like to speak English.
मैं आपके घर आना चाहूँगा		I would like to come your home.

All Structure :- (S) Sub + would like to + v_I + obj

(N) Sub + would not like to + v_I + obj

(I) Would + sub + like to + v_I + obj ?

(IN) Would + sub + not + like to + v_I + obj ?

(W.H.) How + would + sub + like to + v_I + obj ?

1. हम खेलना चाहेंगे		We would like to play.
2. वह बकवास नही सुनना चाहेगा		He would not like to listen to your nonsense.
3. मैं पैसे जमा करना चाहूँगा		I would like to deposit money.
4. वह पतंग नही उड़ाना चाहेंगे		He would not like to fly kite.
5. मैं आपसे एक बार मिलना चाहूँगा		I would like to meet you once.
6. क्या आप चुप रहना चाहोंगे ?	Would you like to be silent ?
7. क्या वह पिज्जा खाना चाहेगा ?	Would he like to eat pizza ?
8. मैं झूठ नही कहना चाहूँगा		I would not like to tell a lie.
9. वह कुर्सी खरीदना चाहेगा		He would like to buy chair.
10. मेरा भाई व्यायाम करना नही चाहेगा		My brother would not like to take exercise.
11. सबसे पहले में इस किताब को पड़ना चाहूँगा		Fist of all,I would like to read the book.
12. वह मुझसे दोस्ती करना चाहेगा		He would like to friendship with me.

13. क्या आप बाहर चलना चाहोगे ? — Would you like to go out ?
14. तुम क्या करना पसंद करोगे ? — What would you like to do ?
15. मैं आपका इंतजार नही करना चाहूँगा | — I would not like to wait for you.
16. क्या वह इन्स्टाग्राम का उपयोग करना चाहेगा ? — Would he like to use instagram ?
17. मैं आपका नाम जानना चाहूँगा | — I would like to know you name.
18. क्या वह अपना नंबर सेंड करना चाहेगा ? — Would he like to send his number ?
19. क्या आप स्नान करना चाहेंगे ? — Would you like to take a bath ?
20. हम मास स्टडी ज्वाइन करना चाहेंगे | — We would like to join Mass Study.
21. मैं हंसना क्यों नही चाहूँगा ? — Why would I not like to laugh ?
22. वह बच्चा शोर मचाना नही चाहेगा | — That child would not like to create noise.
23. मैं अपना टेलीग्राम नंबर भेजना नही चाहूँगा | — I would not like to send my telegram number.
24. क्या आप कक्षा में प्रथम आना चाहेंगे ? — Would you like to come first in the class ?
25. वह मेरी देखभाल करना चाहेगा | — He would like to take care about me.
26. क्या आप ठण्ड में नहाना चाहेंगे ? — Would you like to take a bath in cold ?
27. मेरी बहन अपने दोस्तो के साथ बैठना नही चाहेगी | — My sister would not like to sit with his friends.
28. क्या आप अंग्रेजी वाक्य सीखना चाहेंगे ? — Would you like to learn English sentences ?
29. वह दोस्तों के साथ समय बिताना नही चाहेंगा | — He would not like to spend the time with friends.
30. मैं ताश नही खेलना चाहूँगा | — I would not like to play cards.
31. क्या आप पार्लर जाना चाहोंगे ? — Would you like to go to parlor ?
32. वह अपने पति का चेहरा क्यों नही देखना चाहेगी ? — Why would she not like to see her husband face ?
33. मैं तुम्हारी शक्ल भी नही देखना चाहूँगा | — I would not like to see your face.
34. वह अद्रश्य क्यों होना चाहेगा | — Why would he like to be invisible.
35. हम मेले में घूमना चाहेंगे | — We would like to visit in the fair.
36. क्या प्रधान मंत्रीजी आज मंच से भाषण देना चाहेंगे? — Would Prime Minister like to deliver speech from the stage ?
37. क्या आप इस खेत में पौधे लगाना चाहेंगे आज ? — Would you like to plant in this field today ?
38. वे तुम्हारे लिए इस परिस्थिति में क्या करना चाहेंगे ? — What would they like to do for you in this situation ?
39. आज जुलुस में कौन जाना पसंद नही करेगा ? — Who wouldn't like to go to procession today ?
40. क्या आप सबके सामने अपने राज नही खोलना चाहेंगे ? — Would you not like to reveal your secret in front of all ?

1. मैं भोजपुरी गाना सुनना चाहूँगा। --
2. तुम अपना भेद नहीं खोलना चाहोगे। --
3. क्या आप अद्रश्य होना चाहोंगे ? --
4. तुम्हे बुला कर में अपनी बेइज्जती नहीं करवाना चाहूँगा। --
5. मैं इस मुकाबले में भाग लेना चाहूँगा। --
6. वो आपसे मिलना चाहेगी। --
7. मैं तुम्हारी शक्ल भी नहीं देखना चाहूंगी। --
8. मैं दिल्ली जाना चाहूँगा। --
9. क्या तुम दोबारा कोशिश करना चाहोंगे ? --
10. आप क्या लेना चाहेंगे ? --
11. आप कब आना चाहोंगे ? --
12. आप कहाँ जाना चाहोंगे ? --
13. क्या आप अपनी खुद की वेबसाइट रखना चाहोंगे ? --
14. मैं इंग्लिश सीखना चाहूंगी जितनी जल्दी हो सके। --
15. क्या आप मेरे साथ दोस्ती करना चाहेंगे ? --
16. वह धारदार चाकू से सब्जियां काटना चाहेगा। --
17. मेरे कुछ दोस्त एयरपोर्ट जाना चाहेंगे। --
18. क्या तुम एक दिन कार खरीदना चाहोंगे ? --
19. इससे पहले की सब चले जाए मैं कुछ कहना चाहूँगा। --
20. मैं दो और बाते कहना चाहूँगा। --
21. मैं आपके २ मिनट लेना चाहूँगा। --
22. क्या आप मेरे साथ कुछ यादगार पल बिताना चाहोंगे ? --
23. क्या आप नहीं खेलना चाहेंगे ? --
24. क्या तुम मेरे साथ डांस करना चाहोंगी ? --
25. क्या तुम कुछ कहना चाहोंगे ? --
26. आप क्या खाना चाहेंगे ? --
27. क्या आप मास स्टडी ज्वाइन होना चाहेंगे ? --
28. आप शादी क्यों करना चाहेंगे ? --
29. आप किस देश जाना चाहेंगे। --
30. आज मुझे घर पर रहने की बड़ी इच्छा है। --
31. क्या आप पैसे जमा करना चाहेंगे ? --
32. तुम प्रधानमंत्री से बात क्यों करना चाहोंगे। --
33. बच्चे मोबाइल में विडियो गेम खेलना चाहेंगे। --
34. मैं अपना वजन तौलना चाहूँगा। --
35. वह आत्महत्या क्यों करना चाहेगा ? --

36. मैं कुए से पानी भरना नहीं चाहूँगा | ---
37. मैं तुम्हे एक चिट्ठी भेजना चाहूँगा | ---
38. मैं ठण्ड में नहाना नहीं चाहूँगा | ---
39. क्या तुम इंग्लिश में बात करना चाहोंगे ? ---
40. क्या तुम फिर से स्कूल जाना चाहोंगे ? ---
41. मैं अपने पुराने दोस्त को वापस बुलाना चाहूँगा | ---
42. क्या तुम समय का सही इस्तेमाल करना चाहोगे ? ---
43. क्या आप निम्बू का आचार खाना चाहोगे ? ---
44. मै समाचार सुनना चाहूँगा | ---
45. मै तुम्हारे साथ आइस्क्रीम खाना चाहूँगा | ---
46. मैं आपसे बाद में मिलना चाहूँगा ? ---
47. क्या वे लोग यहाँ ठहरना चाहेंगे ? ---
48. क्या आप अंग्रेजी सीखना चाहेंगे ? ---
49. वह तुमसे मिलना नहीं चाहेंगी | ---
50. भारत पाकिस्तान के साथ मैच खेलना चाहेंगा | ---
51. क्या आप चाय लेना चाहेंगे ? ---
52. रोहन आगे पढ़ना नहीं चाहेंगा | ---
53. मैं आपके साथ काम करना चाहूँगा | ---
54. मैं गाना नहीं कॉमेडी देखना चाहूँगा | ---
55. क्या वह मेरे साथ बैठना चाहेंगी ? ---
56. हम लोग वहां जाना नहीं चाहेंगे | ---
57. सोहन अभी सोना चाहेगा | ---
58. तुम क्यों वहां खेलना चाहोंगे ? ---
59. वह कॉफ़ी पीना / लेना चाहेंगी | ---
60. मैं अब आगे लिखना नहीं चाहूँगा | ---

Chapter 15 Need to

Definition :- Need to का प्रयोग हम वर्तमान में वहाँ करते है जहाँ हमें किसी कार्य को करने की आवश्यकता/जरूरत हो तो ऐसे sentence (वाक्यों) में हम Need to का use करते है |

Need to :- Need to का use हम plural subject (I,We,You,They) के साथ करते है |

- जब हम Need to का Negative sentence (नकारात्मक वाक्य) बनाते है, तो "do" (do not) helping verb का use करते है |

Needs to :- Needs to का प्रयोग हम (एकवचन कर्ताओं) singular subject जिनमे (He,She,It,Name) के साथ करते है |

- इसी प्रकार जब हम Needs to का Negative Sentence (नकारात्मक वाक्यों) में प्रयोग करते है तो does (does not) helping verb का use प्रयोग करते है |

Note :- ध्यान रहे जब हम Need to / Needs to के बाद हमेशा Main verb का ही प्रयोग किया जाता है,परन्तु जब हम Needs to का Negative sentence बनाते है तो वहाँ पर Needs to के स्थान पर does not के बाद पुनः Need to का use करते है |

- इसी प्रकार Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्यों) में भी Needs to के स्थान पर Need to का प्रयोग किया जाता है |

  चलिए हम इनके कुछ साधारण वाक्य बनाते है |

Structure :- (Sub + Need to / Needs to + v_1 + obj)

Examples :-

हमें खाना खाने की जरूरत है		We need to eat food.
उसे अंग्रेजी सिखने की जरूरत है		He needs to learn English.
राहुल को पानी पीने की जरूरत है		Rahul needs to drink water.
तुम्हे आराम करने की जरूरत है		You need to take rest.
सोनू और मोनू को पढ़ने की जरूरत है		Sonu and Monu need to study.

इसी प्रकार हम इनके सभी Negative Interrogative sentence बनाते है |

All Structure :- (S) Sub + Need to / Needs to + v_1 + obj

(N) Sub + do / does + not + need to + v_1 + obj

(I) Do / Does + sub + need to + v_I + obj ?

(IN) Do / Does + sub + not + need to + v_I + obj ?

(W.H.) Why + do / does + sub + need to + v_I + obj ?

1. हमें सब्जियां खरीदने की जरूरत है		We need to buy vegetables.
2. उसे सावधान रहने की जरूरत नही है		He does not need to be careful.
3. मेरी बहन को सोचने की जरूरत है		My sister needs to think.
4. हमें आराम की क्यों जरूरत है ?	Why do we need to take rest ?
5. उसे पैसे कमाने की जरूरत है		He needs to earn money.
6. क्या तुम्हे नौकरी की जरूरत है ?	Do you need a job ?
7. क्या तुम्हे पढ़ाई करने की जरूरत नही है ?	Do you not need to study.
8. मुझे पैसे बचाने की जरूरत है		I need to save the money.
9. हमें गरीबों के बारे में सोचने की जरूरत है		We need to think about the poors.
10. क्या हमें एग्जाम से पहले पड़ने की जरूरत है ?	Do we need to study before the exam ?
11. तुम्हे एग्जाम में ब्लैक पेन से लिखने की क्यों जरूरत है ?	Why do you need to write with black pen in the exam ?
12. तुम्हे अपने दोस्त के साथ रहने की जरूरत है		You need to be with your friend.
13. तुम्हे उसकी शादी में धुम्रपान करने की जरूरत नही है		You don't neet to smoke at his wedding.
14. क्या हमें उसे उसके घर छोड़ने की जरूरत नही है ?	Don't we need to drop her at his house ?
15. उसे सुन्दर फुल तोड़ने की जरूरत नही है		She doesn't need to pluck beautiful flowers.
16. क्या उसे शर्दियो में स्वेटर पहनने की जरूरत है ?	Does he need to wear a sweater in winter ?
17. हमें सुबह की सैर के लिए जाने की जरूरत है		We need to go for an early morning walk.
18. बच्चों को दूध पीने की जरूरत है		Children need to drink milk.
19. क्या गाय को चारा खाने की जरूरत है ?	Does the cow need to eat feed ?
20. उसे रोजाना अख़बार पढ़ने की जरूरत है		He needs to read newspaper daily.
21. हमें अपने बड़ो के साथ समय बिताने की जरूरत है		We need to spend time with our elders.
22. क्या आपको दवाई लेने की जरूरत नही है ?	Do you not need to take medicine ?
23. तुम्हे अभ्यास करने की जरूरत है		You need to practice.
24. अब हर किसी को मॉस स्टडी ज्वाइन करने की जरूरत है		Now everyone needs to join Mass Study.
25. इस घटना के बाद अब हमें किसी को समझाने की जरूरत नही है		After this incient now we don't need to explain to anyone.
26. हमें जॉब करने की जरूरत नही है		We don't need to do job.
27. स्वस्थ व्यक्ति को दवाई लेने की जरूरत क्यों है ?	Why does the healthy person need to take medicine ?
28. आज के बाद तुम्हे मेरे लिए कुछ भी करने की जरूरत नही है	After today you don't need to do anything for me.
29. क्या कुछ दिनों बाद हर किसी को अंग्रेजी सिखने की जरूरत है ?	Does everyone need to english after a few days ?
30. क्या हमें हर साल बच्चों की स्कूल बदलने की जरूरत है ?	Do we need to change the school of children every year ?

Chapter 16 Needed to

Definition :- Needed to का प्रयोग हम past में करते है जब हमें अंग्रेजी में यह बताना हो की हमें किसी क्रिया को करने की आवश्यकता या जरूरत थी |

Needed to ⟶ All subject

Needed to का प्रयोग हम सभी subject (singular,plural) के साथ करते है |

- जब हम Needed to का Negative Sentence बनाते है, तो वहाँ पर past helping verb (did) का प्रयोग करते है |
- Did not के बाद Needed to के स्थान पर Need to का ही उपयोग किया जाता है |
- इसी प्रकार Interrogative sentence (प्रश्नवाचक वाक्यों) में भी Needed to के स्थान पर Need to का प्रयोग करते है |
- जब हम Needed to का प्रयोग करते है तो to के बाद main verb ही आती है |

Structure :- Sub + Needed to + V_I + Obj

Examples :-

हमें अंग्रेजी सीखने की जरूरत थी | — We needed to learn English.

मुझे स्कूल जाने की जरूरत थी | — I needed to go to school.

तुम्हे दवाई लेने की जरूरत थी | — You needed to take medicine.

मुझे सोचने की जरूरत थी | — I needed to think.

All Structure :- (S) Sub + needed to + v_I + obj

(N) Sub + did not need to + v_I + obj

(I) Did + sub + need to + v_I + obj ?

(IN) Did + sub + not + need to + v+ obj

(W.H) Why + sub + need to + v_I + obj ?

1. हमें और शब्द याद करने की जरूरत थी | — We need to memorize more words.
2. तुम्हे फ़िक्र करने की जरूरत नही थी | — You did not need to worry.
3. तुम्हे मुझसे पंगा लेने की जरूरत नही थी | — You did not need to mess with me.
4. उसे सही समय पर सोने की जरूरत थी | — He needed to sleep at the right time.
5. आपको अपने सपने का पालन करने की आवश्यकता थी | — You needed to follow your dream.
6. आपको अपना ग्रहकार्य पूरा करने की आवश्यकता थी | — You needed to complete your home work.
7. उसे अपनी गलतियाँ छिपाने की जरूरत नही थी | — He didn't need to hide his mistakes.
8. मुझे अभिनेत्री बनने की जरूरत नही थी | — I didn't need to become an actress.
9. तुम्हे वहाँ जाने की क्या आवश्यकता थी ? — What did you need to go there ?
10. क्या उसे अपनी अंग्रेजी सुधारने की जरूरत थी ? — Did he need to improve his English ?
11. हमें जिन्दगी में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत थी | — We needed to work harde to succeed in life.

12. तुम्हे बच्चों को डाटने की जरूरत नही थी		You didn't need to scold children.
13. हमें पानी बचाने की आवश्यकता थी		We needed to save water.
14. क्या मुझे सत्य खोजने की आवश्यकता थी ?	Did I need to find the truth ?
15. किसानों को बीज बोने की आवश्यकता थी		Farmers needed to sow the seeds.
16. क्या हमें पार्टी का आनंद लेने की जरूरत थी ?	Did we need to injoy the party ?
17. क्या हमें पेड़ से फुल तोड़ने की आवश्यकता थी ?	Did I need to pluck the flower from the tree.
18. उसे बालो का कलर करने की आवश्यकता नही थी		He didn't need to colour his hair.
19. क्या हमें पुजा करने की आवश्यकता थी ?	Did we need to worship.
20. उसे ऑनलाइन क्लास लेने की जरूरत क्यों थी ?	Why did he need to take the online class ?
21. तुम्हे चोरी करने की क्या जरूरत थी ?	What did you need to steal ?
22. हमें कुछ ठंडा पीने की जरूरत थी		We neened to drink something cold.
23. नेहा को पेन से लिखने की जरूरत थी		Neha needed to write with pen.
24. तुम्हे यह सब करने की क्यों आवश्यकता थी ?	Why did you need to do all this work ?
25. आपको उसकी जिन्दगी में दखल अंदाजी करने की क्या जरूरत थी ?	What did you need to interfere in his life ?
26. क्या तुम्हे मेरी पेन से लिखने की जरूरत थी ?	Did you need to write with my pen ?
27. उसके यहाँ आने के बाद तुम्हारे भाई को वहाँ जाने की क्या जरूरत थी ?	Why did your brother need to go there after he come here ?
28. लड़कियों को पार्टी में जाने की क्यों जरूरत थी ?	Why did girls need to go to party ?
29. मेरे समझाने के बावजूद तुम्हे उससे बात करने की जरूरत नही थी		You did not to talk to him dospite my expalanation ?
30. तुम्हे एक अच्छे डॉक्टर की सलाह की जरूरत थी		You needed to consult a good Doctor.

PRACTICE SHEET

Need to & Needed to

1. रोगियों को गोली खाने की आवश्यकता है		--
2. लोगों को अफवाह फ़ैलाने की आवश्यकता नही है		--
3. तुम्हे उन्हें चोट पहुँचाने की आवश्यकता नही है		--
4. क्या मुझे चौकन्ना होने की आवश्यकता है ?	--
5. तुम्हे पूजा करने की क्यों जरूरत है ?	--
6. क्या मुझे अंग्रेजी सीखने की जरूरत है ?	--
7. क्या उसे जल्दी स्कूल जाने की जरूरत है ?	--
8. उसे खाना खाने की जरूरत है		--
9. सभी पौधो को पानी और रोशनी की जरूरत होती है		--
10. तुम्हे थोड़ी जानकारी की आवश्यकता है		--

11. तुम्हे मेरे लिए चिंता करने की आवश्यकता नही है | --
12. क्या उसे बर्तन मांजने की आवश्यकता है ? --
13. भिखारी को भिख की आवश्यकता है | --
14. उसे उतावला होने की आवश्यकता नही है | --
15. हमें मॉस स्टडी से अंग्रेजी सिखने की आवश्यकता है | --
16. तुम्हे नौकरी की क्यों आवश्यकता है ? --
17. क्या मुझे उसकी राह देखने की आवश्यकता है ? --
18. व्यापारियों को सामान की कीमते बढ़ाने की क्यों आवश्यकता है ? --
19. विद्यार्थीयों को शिक्षको की आज्ञा मानने की आवश्यकता है | --
20. क्या मुझे देश की सेवा करने की आवश्यकता है ? --
21. राहुल को किसी पर हंसने की आवश्यकता नही है | --
22. बच्चों को पढ़ाई की क्यों आवश्यकता है ? --
23. देश को एक ईमानदार प्रधानमंत्री की जरूरत है | --
24. उसे आत्मनिर्भर होने की क्यों आवश्यकता है ? --
25. माली को फूलों की क्यों आवश्यकता है ? --
26. तुम्हे सिगरेट पीने की क्या जरूरत है ? --
27. उसे बारिश में भीगने की क्या आवश्यकता है ? --
28. क्या तुम्हे ट्रेन बदलने की आवश्यकता है ? --
29. आपको रोड़ के दोनों साईट देखने की आवश्यकता है | --
30. हमें गाँव की साफ सफाई करने की आवश्यकता क्यों थी | --
31. हमें सभी को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत थी | --
32. मुझे एक जोड़ी कपड़ो की आवश्यकता थी | --
33. उन्हें कितने पैसों की आवश्यकता थी ? --
34. मुझे तुमसे बात करने की जरूरत थी | --
35. मुझे सोने की जरूरत थी | --
36. तुम्हे बुरे वक्त में मेरे साथ रहने की आवश्यकता थी | --
37. क्या मुझे भारत का नक्शा एक बार देखने की जरूरत थी ? --
38. मुझे पैसों की तत्काल जरूरत थी | --
39. आपको मुझसे झूठ बोलने की क्यों जरूरत थी ? --
40. उसे अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं थी | --
41. मुझे यहाँ से निकलने की जरूरत थी | --
42. हमें कुछ भी हड़पने की जरूरत नही थी | --
43. क्या हमें इंग्लिश का सही उच्चारण करने की जरूरत थी ? --
44. बच्चों को गम्भीर रहने की आवश्यकता नही थी | --
45. हमें दिवाली पर घर को पेंट करने की जरूरत थी | --
46. क्या तुम्हारे भाई को एग्जाम में टॉप करने की जरूरत थी ? --
47. उसे ध्यान से गाड़ी चलाने की जरूरत थी | --
48. चूहे को बिल्ली का पीछा करने की क्या आवश्यकता थी ? --
49. उसे शादी के लिए एक सुंदर कन्या की जरूरत थी | --
50. क्या भैस को पानी पीने की जरूरत थी ? --
51. क्या उसके गाँव में एक पुस्तकालय की जरूरत थी ? --
52. क्या बच्चों को मूवी देखने की जरूरत थी ? --

53. उसे घर की सफाई करने की जरूरत थी | --

54. क्या तुम्हारे भाई को हॉस्पिटल में दवाईयो की जरूरत थी ? --

55. मुझे पेपर में प्रश्न हल करने की आवश्यकता क्यों थी ? --

56. क्या कौए को पानी की जरूरत थी ? --

57. मुझे कुछ दोस्तों से बाते करने की आवश्यकता थी | --

58. झाँसी की रानी को हथियारों की आवश्यकता थी | --

59. उसे पैसा उधार लेने की जरूरत थी | --

60. नियति को फ़िलहाल उसकी जरूरत नही थी | --

Chapter 17 Fond of

Definition :- जब हमें अंग्रेजी में बताना हो की हम किस चीज के शौकीन है ,या हमें किसी चीज का शौक (पसंद) है तो वहाँ पर हम fond of का प्रयोग करते है fond of का प्रयोग हम तीन प्रकार से करते है |

Present	Past	Future
Is/am/are	Was/were	Will be

Fond of in present

Definition :- जब हमें (present) वर्तमान में बताना हो की हमें किसी चीज का शौक है , या हम किसी चीज के शौकीन है तो वहाँ पर fond of का उपयोग किया जाता है,जब हम fond of के sentence बनाते है,तो present (वर्तमान) में Is/am/are helping verb (सहायक क्रियाओ) का प्रयोग किया जाता है |

Fond of के बाद v4 (Ing) form का प्रयोग किया जाता है |

Structure :- Sub + is/am/are + fond of + v_4 + obj

Examples :-

मैं नाचने का शौकीन हूँ		I am fond of dancing.
वह खाना पकाने की शौकीन है		She is fond of cooking food.
वह खेलने का शौकीन है		He is fond of playing.
हम पिज्जा खाने के शौकीन है		We are fond of eating pizza.

All Structure :- (S) Sub + is / am / are + fond of + v_4 + obj

(N) Sub + is / am / are + not + fond of + v_4 +obj

(I) Is / am / are + sub + fond of + v_4 + obj ?

(IN) Is / am / are + sub + not + fond of + v_4 + obj ?

